
खरगोश की पार्टी

ईव बंटिंग



खरगोश की पार्टी

ईव बंटिंग



"कल मेरा जन्मदिन है," खरगोश ने खुद से कहा.

"मुझे लगता है कि मैं एक पार्टी दूंगा."



फिर खरगोश ने सोचा, "लेकिन मेरे केवल तीन ही दोस्त हैं. सिर्फ तीन दोस्तों के साथ पार्टी अच्छी नहीं होगी."





खरगोश ने बहुत सोचा. "ठीक है, मैं अपने हरेक दोस्त से दो उनके अन्य दोस्तों को लाने को कहूँगा. फिर मेरी पार्टी में कुल दस लोग होंगे. यह कितनी अच्छी योजना है!"



सबसे पहले खरगोश अपनी सहेली गिलहरी के पास गया.

"क्या तुम्हें पता है? कल मेरा जन्मदिन है. कृपया मेरी पार्टी में आना और साथ में अपने दो दोस्तों को भी लाना."

"धन्यवाद," गिलहरी ने कहा. "हम सभी अवश्य आएंगे."





फिर खरगोश अपने मित्र मेंढक के पास गया.

"क्या तुम्हें पता है? कल मेरा जन्मदिन है. कृपया मेरी पार्टी में आना और साथ में अपने दो दोस्तों को भी लाना."

"धन्यवाद," मेंढक टर्राया. "हम सभी अवश्य आएंगे."

अंत में खरगोश अपने दोस्त चूहे के पास गया.

"क्या तुम्हें पता है? कल मेरा जन्मदिन है.

कृपया मेरी पार्टी में जरूर आना और साथ में

अपने दो दोस्तों को भी लाना."

"धन्यवाद," चूहा चिल्लाया.

"हम सभी अवश्य आएंगे."




खरगोश खुश हुआ. फिर वो अपने घर गया और पार्टी की तैयारी में लग गया.


उसने एक अखरोट का केक बनाया और उनके ऊपर मीठे जामुन चिपकाए.

"स्वादिष्ट," खरगोश ने कहा. "बहुत अच्छा."

फिर उसने गाजर का बढ़िया सलाद बनाया.

"स्वादिष्ट, स्वादिष्ट," खरगोश ने कहा.





अगली सुबह खरगोश अपने मेहमानों का इंतजार कर रहा था.

तभी उसने गिलहरी, मेंढक और चूहे को एक-साथ आते हुए देखा.



"तुम्हारे दोनों दोस्त कहाँ हैं?" खरगोश ने गिलहरी से पूछा.

"वे यहाँ हैं," गिलहरी ने कहा. "मैं अपने साथ में मेंढक और चूहे को लाई हूं."

"हे भगवान!" खरगोश ने कहा. "यह बड़ी अजीब बात है!"

"तुम्हारे बाकी दो दोस्त कहाँ हैं?"

खरगोश ने मेंढक से पूछा.

"वे यहाँ हैं," मेंढक टर्राया. "मैं गिलहरी

और चूहे को अपने साथ लाया हूँ."

"हे भगवान!" खरगोश ने कहा.

"यह बड़ी अजीब बात है!"





"तुम्हारे दोनों दोस्त कहाँ हैं?" खरगोश ने चूहे से पूछा.

"यहाँ वे हैं," चूहा चीख़ा. "मैं गिलहरी और मेंढक को अपने साथ लाया हूँ."

"हे भगवान!" खरगोश ने कहा. "यह तो बड़ी अजीब बात है!"

खरगोश और उसके दोस्त टेबल पर बैठ गए.


"सब कुछ बहुत अच्छा है," गिलहरी ने कहा.

"क्या शानदार पार्टी है!" चूहा चीखा.

"मुझे अखरोट का केक बहुत पसंद आया."

सभी को अखरोट का केक बहुत पसंद आया.





खरगोश ने मेज के चारों ओर देखा.

"आज मैंने कुछ नया सीखा," खरगोश ने कहा.

"तीन अच्छे दोस्त भी एक पार्टी के लिए काफी होते हैं. सिर्फ तीन दोस्तों के साथ भी एक अच्छी पार्टी हो सकती है."

अंत

